हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 1 अप्रैल 2024

06 1823 करोड़ के नोटिस को लेकर कांग्रेस ने दिया ...



07 पांच दिवसीय होली उत्सव की सुरक्षा व्यवस्था...





**लोकसभा क्षेत्र**

होशंगाबाद

1 भाजपा प्रत्याशी
दर्शन सिंह चौधरी

2 कांग्रेस प्रत्याशी
संजय शर्मा

**पिछली बार कौन जीता**

राव उदय प्रताप

**जीत का अंतर**

5 लाख 53 हजार 682

## होशंगाबाद लोकसभा सीट पर कभी भी जातीय आधार पर सफलता नहीं मिल सकी

# दूसरे दलों ने पत्ते नहीं खोले, भाजपा-कांग्रेस में मुकाबला

*होशंगाबाद लोकसभा सीट मध्यप्रदेश में हमेशा चर्चित सीट रही है, क्योंकि पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह यहां से चुनाव हार चुके हैं और पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा जीत चुके हैं। कर्नाटक से आए नेता भी चुनाव जीत चुके हैं। वर्ष 2019 में भाजपा ने एकतरफा जीत हासिल की थी। इस सीट से भाजपा के राव उदय प्रताप सिंह ने कांग्रेस के दीवान शैलेंद्र सिंह को 5 लाख 53 हजार 682 वोटों के बड़े अंतर से हराया था।*

ग्राउंड रिपोर्ट

आनंद सक्सेना ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश की होशंगाबाद लोकसभा पर इस बार कांग्रेस ने संजय शर्मा तो भाजपा ने दर्शन सिंह चौधरी को चुनावी मैदान में उतारा है। यही कारण है कि अब इस सीट का मुकाबला दिलचस्प हो चुका है।

होशंगाबाद लोकसभा सीट से भाजपा ने होशंगाबाद नरसिंहपुर सीट से किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष दर्शन सिंह चौधरी को प्रत्याशी घोषित किया है। इसके बाद से चौधरी लगातार लोकसभा क्षेत्र में सक्रिय हैं। दर्शन सिंह किरार धाकड़ समाज से आते हैं। उन्हें पूर्व सीएम शिवराज सिंह का करीबी माना जाता है। वहीं कांग्रेस ने तेंदुखेड़ा के



दर्शन सिंह चौधरी



संजय शर्मा

पूर्व विधायक संजय शर्मा को अपना प्रत्याशी बनाया है। शर्मा ने भी चुनावी अभियान की शुरूआत कर दी है। होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र में संजय शर्मा पूर्व में चुनाव प्रभारी भी रह चुके हैं। गौरतलब है कि होशंगाबाद लोकसभा सीट पर 1951 से लेकर 2019 तक 16 आम चुनाव हो चुके हैं, जिनमें से 6 बार कांग्रेस ने जीत हासिल की है। जबकि 8 चुनावों में भाजपा ने जीत हासिल की है। इसके अलावा 2 बार दूसरे दलों को जीत मिली है। यहां से वर्ष 1967 और 1971 में कांग्रेस प्रत्याशी नीतिराज सिंह लगातार 2 बार जीत हासिल की थी। वर्ष 1977 में पहली बार इस सीट पर कांग्रेस और प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के बजाय जनता पार्टी ने चुनाव जीता था। वर्ष 1980 और 1984 में कांग्रेस के रामेश्वर नीखरा लगातार दो बार सांसद चुने गए, लेकिन वर्ष 1989 में भाजपा के सरताज सिंह ने पहली बार जीत हासिल की और वर्ष 1999 तक लगातार यहां से चुनाव जीतते रहे।

वर्ष 2009 में लंबे समय बाद कांग्रेस की वापसी हुई, लेकिन वर्ष 2014 और 2019 में भाजपा ने यहां से फिर जीत हासिल की थी। इस समय लोकसभा चुनाव को लेकर माहौल अलग है। इसलिए साफ तौर पर कुछ कहा नहीं जा सकता है। मतदान और वोटों की गिनती के बाद ही स्थिति साफ होगी।

### क्या रहेंगे मुद्दे?

अवैध रेत खनन यहां का बड़ा मुद्दा है। इसके अलावा यहां नहरों की लाइनिंग की मांग काफी पुरानी है। कृषि आधारित इंडस्ट्रीज यहां की पुरानी मांग है, जबकि एक भी बड़ा कॉलेज न होने से विद्यार्थी काफी परेशान हैं। किसी प्रकार का आईटी उद्योग नहीं है। आईटी पार्क की भी पुरानी मांग है। होशंगाबाद लोकसभा के हर चुनाव में शिक्षा व रोजगार को लेकर कई वादे किए जाते हैं, लेकिन कभी कोई वादा पूरा नहीं हुआ। इसको लेकर अभी हाल ही में शिक्षा हब बनाने की प्लानिंग बनी, लेकिन उस पर भी अभी कोई काम नहीं हुआ। इस बार होशंगाबाद के मतदाता अपनी पुरानी मागों को उम्मीदवारों के सामने रखने का मन बना चुके हैं।

### विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का सफाया

पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में होशंगाबाद लोकसभा क्षेत्र की आठ विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस को एक भी सफलता नहीं मिली। सभी सीटों पर भाजपा का कब्जा है। सांसद रहते हुए उदय प्रताप सिंह विधानसभा चुनाव जीते और मंत्री बने। बता दें कि होशंगाबाद लोकसभा सीट से वर्ष 1951 के पहले आम चुनाव में कांग्रेस के सैयद अहमद ने जीत दर्ज की थी। जबकि वर्ष 1952 में इस सीट पर उपचुनाव हुआ था, जिसमें प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के एचवी कामथ चुनाव जीते थे। वर्ष 1957 में कांग्रेस ने यहां वापसी की थी। यह वापसी अगले चुनाव यानि कि वर्ष 1962 में फिर प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के हरिविष्णु कामथ के पाले में गई।

### आठ विधानसभा क्षेत्र आते हैं लोकसभा में

होशंगाबाद लोकसभा सीट में नर्मदापुरम, सोहागपुर, सिवनी मालवा और पिपरिया आते हैं, जबकि नरसिंहपुर जिले की नरसिंहपुर, तेंदुखेड़ा और गाडरवारा विधानसभा सीट शामिल है। इसके अलावा रायसेन जिले की उदयपुरा विधानसभा सीट भी होशंगाबाद लोकसभा सीट में ही आती है। होशंगाबाद लोकसभा सीट भाजपा का मजबूत गढ़ मानी जाता है। यही कारण है कि इस सीट पर कई दिग्गज मैदान में उतरते रहते हैं। इस सीट पर पहले 2 पूर्व मुख्यमंत्री भी अपनी भाग्य आजमा चुके हैं। कांग्रेस के दिग्गज नेता अर्जुन सिंह यहां से चुनाव लड़े थ, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। वहीं भाजपा के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा ने 1999 में यहां से जीत हासिल की थी।

### आबादी में जातियों का समीकरण

होशंगाबाद लोकसभा सीट में लोधी कुर्मी लोवंशी 12 प्रतिशत किरार 6 प्रतिशत, ब्राह्मण 2 7 प्रतिशत, रघुवंशी 12 प्रतिशत गौंड 9 प्रतिशत, मुस्कान 7 प्रतिशत, बौद्ध 2 प्रतिशत, जैन 1 प्रतिशत, एसटी 12.5 प्रतिशत, एसटी 16.5 प्रतिशत ठाकुर 5 प्रतिशत है। यहां कभी भी जातीय आधार पर वोटिंग नहीं हुई। यहां से सैयद मुशा से लेकर उदय प्रताप सिंह तक हमेशा कम वोटर वाली जाति के प्रत्याशी ने जीत दर्ज की। सरताज सिंह 3 बार जीते, जबकि सिख वोटर न के बराबर है। रामेश्वर नीखरा 2 और सुंदरलाल पटवा 1 बार चुनाव जीते, जबकि वैश्य समाज से वोटर बहुत कम रहे।

# भाजपा में वही नेता जा रहे हैं जिन्होंने गलत काम किया है : दिग्विजय सिंह

**मां बगलामुखी के दर्शन कर किया हवन-अनुष्ठान**





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

पूर्व मुख्यमंत्री और राजगढ़ लोकसभा से कांग्रेस उम्मीदवार दिग्विजय सिंह रविवार को पीतांबरा सिद्ध पीठ मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने मां बगलामुखी के दर्शन पूजन कर विशेष हवन-अनुष्ठान कर अपनी 21 किमी की पदयात्रा का शुभारंभ किया। दिग्विजय सिंह ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर कहा कि मैं इस गिरफ्तारी का घोर विरोध करता हूं, यह लोकतंत्र की हत्या है। जिसको जनता ने चुनकर भेजा उसको आपने बिना सबूत के जेल भेज दिया, रिमांड ले लिया। मैं तो ज्यूडिशियली से भी प्रार्थना करता हूं कि आप यह कर क्या रहे हैं। सिंह ने कांग्रेस छोड़ बीजेपी में जा रहे नेताओं के लिए कहा, जो छोड़कर जा रहे हैं उनको डर है गलत काम किए हैं, जेल चले जाएंगे, उनको चाहिए रेत की खदानें, क्रेशर चाहिए। वो जा रहे हैं सरकार के साथ, जनता उनके साथ नहीं जा रही।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं तो शुरू से कह रहा हूं की भाजपा हिटलरशाही पर उतर आई है। प्रतिद्वंद्वी रोड़मल नागर के मोदीजी के नाम पर प्रचार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि विकास के नाम पर वोट क्यों नहीं मांगे जा रहे हैं मोदी के नाम पर वोट मांग रहे हैं, क्या राजगढ़ से मोदी जी चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस उम्मीदवार दिग्विजय सिंह की इस पदयात्रा में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी शामिल थे। वहीं पूर्व मंत्री हुकुम सिंह कराड़ा, सुसनेर विधायक भेरूसिंह परिहार बापू भी यात्रा में उनके साथ चल रहे थे।

#### मंदिरों में पहुंचकर देव दर्शन किए

सिंह ने पदयात्रा के दौरान नगर के बड़ा गणपति मंदिर, पंचमुखी हनुमान मंदिर, श्री सुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, श्री चंदा प्रभु जैन श्वेतांबर मंदिर, श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर, श्री चौथमल जी के राधा कृष्ण मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में पहुंचकर देव दर्शन कर विजयश्री का आशीर्वाद भी लिया। जैन मंदिर में पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस प्रत्याशी दिग्विजय सिंह का समाजजनों द्वारा शाल, श्रीफल तथा मालवी पगड़ी पहनाकर मोतियों की माला से स्वागत कर सम्मान किया गया। पदयात्रा के दौरान नगर के विभिन्न स्थानों पर पार्टी कार्यकर्ताओं तथा नागरिकों द्वारा कांग्रेस प्रत्याशी दिग्विजय सिंह का गर्म जोशी के साथ आत्मीय स्वागत किया गया। नगर से यात्रा 2 किलोमीटर दूर स्थित प्राचीन पांडव कालीन श्री बल्डावदा हनुमान मंदिर पहुंची। जहां पर उनके द्वारा अंजनीलाल के दर्शन कर पूजा अर्चना की गई। यहां से यात्रा ने तहसील के ग्राम कचनारिया में प्रवेश किया जहां नुक्कड़ सभा को सिंह ने संबोधित कर मतदाताओं से आशीर्वाद मांगा। पदयात्रा पीपलिया सेत, रामनगर,भिड़ोन, गुराडिया खाती, टिकोन होती हुई अंतिम पड़ाव ग्राम मोहना पहुंची जहां पर नुक्कड़ सभा का आयोजन हुआ। सभा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा भी भाग लिया गया। मोहना से पदयात्रा ने राजगढ़ जिले की तहसील सारंगपुर में प्रवेश किया।

# केंद्रों पर किसानों के साथ हो रही धोखाधड़ी

**अखिल भारतीय किसान सभा ने दी आंदोलन की चेतावनी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

विधानसभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी ने किसानों से गेहूं 2700 रुपए और धान 3100 रुपए प्रति क्विंटल खरीदने का वादा किया गया था। यही नहीं बीजेपी ने अपने चुनावी वचन पत्र ओर मोदी की गारंटी में भी घोषणा की गई थी। इसके बावजूद किसानों के साथ धोखा किया जा रहा है। किसानों से गेहूं और धान बीते साल की कीमतों पर ही खरीदा जा रहा है।

उक्त आरोप मध्य प्रदेश सरकार पर किसान सभा के प्रांतीय महासचिव प्रहलाद दास बैरागी ने लगाए हैं। उन्होंने कहा कि गेहूं में मिट्टी होने के नाम पर भी किसानों को परेशान किया जा रहा है। समर्थन मूल्य खरीदी केंद्र वेयर हाउसो पर किसानों के साथ इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटों के माध्यम से भी धोखाधड़ी की जा रही है। गेहूं से भरी प्रति ट्रॉली पर 50 किलो से 75 किलो तक वजन काटा जा रहा है। बैरागी ने कहा कि मोदी की गारंटी भी भाजपा का जुमला ही सिद्ध हुआ है। किसानों का पिछले गेंहू का बोनस और सोयाबीन का भवंतर तथा बाकी की बची हुई राहत राशि अभी तक नहीं मिली है। श्यामपुर क्षेत्र के गेंहू उपार्जन केन्द्रों पर किसानों के साथ खरीदी में भ्रष्टाचार के चलते गेहूं में मिट्टी के नाम पर बटटा लगाकर खरीदी की जा रही है। यह किसानों के साथ अन्याय है इस कृत्य की किसान सभा कड़े शब्दों में निंदा करती है और मांग करते हैं कि इस मामले की उचित जांचकर दोषी उपार्जन अधिकारी कर्मचारियो और वेयरहाउस के मालिकों पर कठोर कानूनी कार्यवाही की जाए, ताकि भविष्य में किसानों को लूटने और फिजूलखर्ची के बोझ से बचाया जाए। अगर शासन प्रशासन समय रहते समस्या का समाधान नहीं करता है तो अखिल भारतीय किसान सभा सैकड़ो किसानों के साथ आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

# नव ज्योति संगठन ने खेली केसरिया होली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के मध्य नव ज्योति संगठन के तत्वावधान में हर साल की तरह इस साल भी पांच दिवसीय होली महोत्सव का पर्व धूमधाम से मनाया गया। वहीं शनिवार को रंगपंचमी के मौके पर बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारियों ने एक दूसरे पर केसरिया रंग से क्षेत्र को सराबोर कर दिया।

संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी अखिलेश माहेश्वरी, उत्कृष्ट अग्रवाल, आयुष सोनी सहित अन्य ने चौराहे पर रंग और पानी के कढाव का इंतजाम किया था। उसके बाद शाम को छावनी उत्सव समिति के द्वारा भव्य डीजे और नगाड़े के साथ जुलूस निकाला था, जुलूस में शामिल हुरियारों का स्वागत। नव ज्योति संगठन के प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि करीब साठ साल से अधिक समय से संगठन के द्वारा पांच दिवसीय होली का उत्सव मनाया जा रहा है। शनिवार को सुबह से ही केसरिया होली के उत्सव को लेकर क्षेत्रवासियों में उत्साह था।

**तीन दिवसीय मानसिक आरोग्य निशुल्क शिविर का हुआ समापन**

# मन और दिमाग को शांत रखने विचारों को बदलना होगा: पाटील

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मन और दिमाग को शांत रखने के लिए विचारों को बदलना होगा। यह एक कोशिश करें कि आप गलत ख्यालों को अवाइड करें और सिफ अच्छी बातों का ध्यान करें। आपके मन को शांत करने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप योगा और ध्यान करें, यह दिमाग और मन दोनों को शांत करता है। रोजना के रुटीन में कुछ देर के लिए मेडिटेशन को शामिल कर सकते है।

हर रोज कुछ समय के लिए व्यायम भी करें। उक्त विचार मानसिक आरोग्य केन्द्र के तत्वाधान में शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धाश्रम में जारी मानसिक आरोग्य केन्द्र में तीन दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर के दौरान मुख्य अतिथि नागपुर के प्रसिद्ध प्रदीप पाटील ने कहे। इस मौके पर तीन दिवसीय शिविर में यहां पर आने वाले करीब छह सौ से अधिक लोगों को सलाह के साथ उपचार किया गया। शिविर के दौरान श्रद्धा भक्ति सेवा समिति की ओर से श्रीमती निशा सिंह, केन्द्र के संचालक राहुल सिंह, जिला संस्कार मंच की ओर से जितेन्द्र तिवारी और मनोज दीक्षित मामा आदि ने डॉ. पाटील का सम्मान किया। इस मौके पर डॉ. पाटील ने कहा कि भले ही आपको या आपके परिवार के किसी



सदस्य को सीधे तौर पर मानसिक बीमारी का अनुभव नहीं हुआ हो, फिर भी इस बात की बहुत अधिक संभावना है कि आप किसी ऐसे व्यक्ति को जानते हों जिसने मानसिक बीमारी का अनुभव किया हो। अनुमान है कि चार में से कम से कम एक व्यक्ति प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से मानसिक बीमारी से प्रभावित है।

उन्होंने कहा कि किसी दृश्य पर ध्यान केंद्रित करने से आपका दिमाग शांत होता है। ये तकनीक आपको थोड़ी मेडिटेशन के समान लग सकती है, लेकिन इसमें एक फर्क है। किसी भी शब्द या विचार को सोचने के बजाए केवल शांति या ख़ुशी देने वाले दृश्य पर ध्यान दें। जैसे आप सुबह उठे और कई साल से आप जिस दोस्त से मिले नहीं हैं उसे देखकर आप ख़ुशी से झूम उठे। कुछ इसी तरह के सकरात्मक दृश्यों के बारें में दस मिनट तक सोचें। इस तरह आपका मन व दिमाग शांत होगा और रिलैक्स महसूस करेगा। मन को शांत रखने का अचूक मंत्र गहरी सांस लेना है। जब हम अपने श्वास पर ध्यान केंद्रित करते हैं, तब हमारे दिमाग में अच्छे रसायन स्त्रावित होते हैं, जो मन को कंट्रोल करने तथा मन को खुश रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मन शांत रखने के लिए नियमित रूप से पांच बार गहरी सांस लेना और कुछ देर बाद सांस को छोडऩा चाहिए।

गहरी सांस लेते समय फेफड़े और डायफ्राम पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। इससे मन और मस्तिष्क में भावनात्मक विचार नहीं आते हैं, और तुरंत शांति, राहत और एक अलग तरीके का सुकून मिलता है। जब आप नकारात्मक विचारों को सकारात्मक विचारों से बदल देंगे तो आपको अच्छे नतीजे मिलना शुरू हो जायेंगे। एक पुराना कहावत है जैसा आप सोचेंगे वैसा आप बन जायेंगे, इसका मतलब अगर आप सकारत्मक विचार रखते है तो आप सकारत्मक बनेगे लेकिन अगर आप नकारात्मक विचार रखेंगे तो वैसा ही बन जायेंगे। सकारात्मक विचार भर से ही आपको अद्भुत बदलाव देखने को मिलेगा। अगर आप रोजामर्रा के जीवन मे सिर्फ अपने व लोगो के विचारो के प्रति सकारात्मक रहते है तो, जीवन मे अकल्पनीय बदलाव देखने को मिलेगा।

# किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल पर रहेगा प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

लोकसभा निर्वाचन 2024 की आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के दौरान 19 अप्रैल की सुबह 7 बजे से एक जून की शाम 6:30 बजे तक निर्वाचन के संबंध में किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में इसके परिणाम का प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से इसका प्रचार-प्रसार करने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 28 मार्च 2024 को इस आशय की अधिसूचना जारी कर दी गई है। जारी अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि निर्वाचन के दौरान सभी मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिये नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घण्टों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामलों के प्रदर्शन पर भी पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।

उल्लेखनीय है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 में यह प्रावधानित किया गया है कि कोई भी व्यक्ति, कोई निर्गम मत सर्वेक्षण नहीं करेगा और किसी निर्गम मत सर्वेक्षण के परिणाम का ऐसी अवधि के दौरान, जो निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचित की जाए, प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रकाशन या प्रचार या किसी भी प्रकार की अन्य रीति से प्रसार भी नहीं करेगा। यदि कोई व्यक्ति इस प्रावधान का उल्लंघन करेगा, तो वह ऐसी अवधि के कारावास से, जो दो वर्ष तक की हो सकेगी या जुर्माने से या दोनों से दण्डनीय होगा।

## खबर संक्षेप

### एक्ट ईव फाउंडेशन ने मनाया मिलन समारोह



**देवास** । फागुन के मस्ती भरे वातावरण, होली और रंगपंचमी के अवसर पर शहर की सामाजिक संस्था एक्ट ईव फाउंडेशन ने परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया । इस अवसर पर सदस्यों ने फूलों संग होली खेली । संस्था अध्यक्ष मोहन वर्मा तथा सचिव किशोर असनानी ने बताया कि संस्था के परिवार मिलन में सदस्यों संग अनेक शुभेच्छु उपस्थित थे। इस अवसर पर संस्था के फर्नीचर प्रोजेक्ट में सराहनीय सहयोग करने के लिए बेअरलॉकर उद्योग प्रतिनिधि प्रबंधक प्रवीण शर्मा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अजय सोलंकी,किशोर असनानी ने सुमधुर गीतों की प्रस्तुति दी तो अमल बेरा और मोहन वर्मा ने अपनी कविताएं और गजलें सुनाई । विजय श्रीवास्तव तथा सी ए एस एम जैन ने भी गजलें और चुटीले व्यंग्य प्रस्तुत किए । महिला सदस्यों ने भी आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम को फाग महोत्सव में बदल दिया। कार्यक्रम में प्रदीप शर्मा,नवप्रीत अरोरा,आलेख वर्मा,भानुप्रताप सिंह राणा,नितीन ठाकुर, सौम्य मालवीय, डॉ चौधरी,पिंकी अरोरा,वंदना शर्मा, काकोली बेरा, मनीषा असनानी,शकुंतला मालवीय, हंसा चौधरी, गुलाब वर्मा, प्रवीण शर्मा, इसाक भाई, पप्पू शर्मा सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अग्रवाल की उपस्थिति में हुआ व्यापारी संवाद कार्यक्रम

# विकास ही हमारी विश्वसनीयता, उसी के आधार पर भाजपा चल रही है: अग्रवाल

होटल रामाश्रय में आयोजित व्यापारी संवाद कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल हुए उपस्थित। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ने व्यापारियों से की चर्चा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




विचार करके देखें, आज देश कहां खड़ा हैं। दस वर्ष पूर्व जब कोई प्रधानमंत्री विदेश जाता था तो पता ही कहां चलता था। आज दूसरे देश का प्रधानमंत्री, राष्ट्राध्यक्ष प्रोटोकाल तोड़कर हमारे प्रधानमंत्री का स्वागत करने को आतुर दिखाई देता हैं। भारत का राष्ट्रीय ध्वज लेकर बच्चे निकल रहे हो तो बमबारी थम जाती है। रॉकेट दागना बंद हो जाता है।क्या कोई सोच सकता है । फांसी की सजा रूक जाती हैं। हमारी अर्थ नीति कहां से कहां पहुंच गई है। चारो ओर विकास हो रहा हैं।यही तो हमारी विश्वसनीयता है। आज भारतीय जनता पार्टी विश्वसनीयता के आधार पर चल रही है। हमे राष्ट्र निर्माण के लिए काम करना है। सांसद महेन्द्र सिंह सोलंकी भी इसी दिशा में कार्यरत हैं। यह बात होटल रामाश्रय में आयोजित व्यापारी संवाद कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने कही।

अग्रवाल ने प्रतिष्ठित व्यापारी बंधुओ से सीधा संवाद करते हुए उनके सुझाव एवं समस्याओं को भी जान। भारत माता, डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र समक्ष दीप प्रज्वलन से प्रारंभ हुए व्यापारी संवाद कार्यक्रम में भाजपा सांसद प्रत्याशी महेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव ऐतिहासिक है । जिसे पीढ़ियों तक याद रखा जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव खंडेलवाल ने अपने जोशीले भाषण में देवास शाजापुर क्षेत्र से कार्यकर्ताओं द्वारा लिए गए अबकी बार, 6 लाख पार की जीत के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम को लोकसभा प्रभारी बहादुर मुकाती, पूर्व देवास विकास प्राधिकरण अध्यक्ष राजेश यादव ने भी संबोधित किया । कार्यक्रम का उत्कृष्ट संचालन भाजपा के जिला महामंत्री पंकज वर्मा ने किया।

मंचासीन अतिथियों का स्वागत अशोक सोमानी, राकेश गुप्ता, अजय अग्रवाल, रितेश जैन, वरुण अग्रवाल, विशाल जैन, निलेश छाबड़ा, शंभू अग्रवाल जयंत जैन, शुभम यादव, शेखर कौशल, राजेश गुप्ता ने किया, आभार संस्था देववासिनी के सचिव महेश चौहान ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता सर्वश्री दिलीप बांगर, दिलीप सिंह जाधव बाबा साहब, नितेश जैन संयोजक भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ, राजेश गुप्ता, अरविंद महाजन अध्यक्ष कपड़ा व्यापारी एसोसिएशन, गिरधर गुप्ता सचिन केमिस्ट एसोसिएशन, दिलीप गुप्ता अध्यक्ष खाद बीज व्यापारी संघ, ऋषि सोनी सचिव सर्राफा व्यापारी एसोसिएशन, मनोहर पमनानी अध्यक्ष शक्कर व्यापारी संघ, बिहारी लाल पाटीदार नगर अध्यक्ष खाद्य बीज व्यापारी संघ, अजब सिंह ठाकुर, राजेश गोस्वामी डेरी उत्पाद व्यापारी संघ, संजय पोरवाल अध्यक्ष अनाज व्यापारी संघ, राजेश खत्री अध्यक्ष और शासकीय शिक्षण संस्था, राधेश्याम सोनी सर्राफा व्यापारी, राकेश गुप्ता अध्यक्ष किराना व्यापारी एसोसिएशन, समीर मुंदडा लघु उद्योग, दिनेश गुप्ता सचिव कपड़ा व्यापारी एसोसिएशन, दिलीप चौधरी अध्यक्ष सर्राफा व्यापारी एसोसिएशन, दिनेश भूतड़ा पूर्व संयोजक व्यापारी प्रकोष्ठ, मनोहर पमनानी, द्वारका मंत्री भजन गायक एवं ऑटो पाट्‌र्स व्यापारी, निलेश जैन, जयंत जैन, गौरव गुप्ता, नितिन जैन,पारस जैन, विजय जैन अध्यक्ष जैन समाज, एसके सोनी सर्राफा व्यापारी, संजय कटारिया, शरद कौशल, अनूप दास सहित सैकड़ों की संख्या में व्यापारी बंधु एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# कहां लुप्त हो गया बागली को जिला बनाने का मुद्दा

## चर्चाओं से भी दूर हुआ मुद्दा




**बागली।** बागली को जिला बनाने को लेकर किए गए थे कई आंदोलन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

विधानसभा चुनव 2023 से पहले बागली को जिला बनाने का मुद्दा काफी उठाया गया था। जिसको लेकर थाना चौराहे पर लगभग एक माह से अधिक समय तक, जिला बनाओ समिति के लोगों द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया था। बागली को जिला बनाने के समर्थन में आसपास के गांवों का समर्थन लेकर, रैलिया, ज्ञापन एवं बड़े प्रदर्शन भी किए गए थे। लेकिन विधानसभा चुनाव 2023 कि आदर्श आचार संहिता लगने के दौरान धरना प्रदर्शन खत्मकर दिया गया था।

उस दौरान कहा गया था, कि आदर्श आचार संहिता के कारण धरना स्थगित किया गया है। विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद फिर से मांग उठाई जाएगी। लेकिन 2024 के लोकसभाचुनाव का बिगुल बज चुका है। आदर्श आचार संहिता भी लागू हो गई है। लेकिन अब बागली को जिला बनाने के मुद्दे को लेकर चर्चा तक बाजारों में सुनने को नहीं मिल रही है। मानों कि यह मुद्दा कहीं लुप्त हो गया है। ना ही जिला बनाओ समिति के सदस्य नजर आ रहे हैं। हालांकि 2023 में आदर्श अचार संहिता लगने के कारण जिला बनाओ समिति को भंग करने की बात कही गई थी। आखिर ऐसा क्या कारण रहा की विधानसभा चुनाव खत्म होने के बाद बागली को जिला बनाने का मुद्दा नहीं उठाया जा रहा है। इस बात को लेकर हर किसी के मन में प्रश्न है। हालांकि चर्चा यह भी है कि उस आंदोलन के पर्दे के पीछे का उद्देश्य और कुछ ही था।

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा बागली को जिला बनाने का वादा किया गया था, बागली विधानसभा के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि एवं सांसद बागली को जिला बनाने का प्रयास तो दूर की बात चर्चा तक नहीं कर रहे हैं।

# जिसे भगवान की कृपा मिल गई, उसे सांसारिक वस्तुओं की इच्छा नहीं होती: पं. शास्त्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलयुग का मनुष्य अपना ध्यान संसार में लगाए हुए हैं। अगर परमात्मा में ध्यान लगाते भी हो तो केवल उनका ध्यान इतनी देर रहता जितनी देर वह कथा में रहते हैं।

राजा परीक्षित और शुकदेव महाराज एक ही आसान पर बैठकर सात दिन तक इस कथा को निरंतर श्रवण कर रहे। ना तो राजा परीक्षित ने अपना आसन छोड़ा है, ना शुकदेवजी ने।यह विचार श्री रंगनाथ राधा कृष्ण मंदिर चाणक्यपुरी में श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन रविवार को व्यासपीठ से पं. अजय शास्त्री ने प्रकट किए। महाराज परीक्षित कहते, कि गुरुदेव जिसको आप जैसा गुरु मिल गया हो, जिसको परमात्मा की कृपा मिल गई हो, जिसको भगवान की करुणा मिल गई हो, जिसको परमात्मा का साक्षात्कार हो गया, उसको फिर कहीं जाने की इच्छा नहीं होती।सुख में रहो चाहे दुख में रहो।

किसी भी परिस्थिति में रहो यह सब भगवान के हैं। अगर दुख भगवान ने दिया है, तो सुख भी भगवान ही देंगे। बस इतना सा ध्यान रखो, कि कोई हमारे साथ नहीं खड़ा है, तो कोई बात नहीं गोविंद तो हमारे साथ खड़ा है।आयोजक मंडल की चंदा शर्मा, कैलाश शर्मा, बाबूलाल चौधरी फूफाजी, महेश नागर, सरोज मालवीय, गीतांजलि शर्मा, सरोज नागर ने व्यासपीठ की पूजा अर्चना कर प. अजय शास्त्री का पुष्प मालाओं से सम्मान किया।

# 1823 करोड़ के नोटिस को लेकर कांग्रेस ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



पूरा देश राजनीति का नंगा नाच देख रहा है तानाशाहों का तांडव देख रहा है केंद्र सरकार की सारी एजेंसियां जिन्हें न्याय दिलाने के लिए आजादी के बाद कांग्रेस की सरकार गठित किया था,आज उनका खुलकर दुरुपयोग किया जा रहा है। देश का आम नागरिक समझ रहा है लेकिन बोल नहीं रहा है।

चुनाव के वक्त कांग्रेस के खातों को फ्रीज कर देना, ऊपर से इनकम टैक्स का नोटिस देना प्रजातंत्र में विपक्ष को कुचलने की यह साजिश सफल नहीं होगी। आज जो केंद्र कि नरेंद्र मोदी सरकार कर रही है उसकी हम इस धरने के माध्यम से निंदा करते हैं। उक्त विचार पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने कांग्रेस पार्टी को आयकर विभाग के द्वारा दिए गए 1823 करोड़ के नोटिस के विरोध में व्यक्त किए। वर्मा ने कहा कि विश्व में जो तानाशाह हुए हैं और उनका जो हश्र हुआ है वही इनका भी होगा। उत्थान होता है तो पतन भी होता है।

धरने को संबोधित करते हुए शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनोज राजानी व ग्रामीण अध्यक्ष अशोक पटेल ने कहा की जिस विद्वेषता के साथ नरेंद्र मोदी सरकार विपक्ष को कुचलने का काम कर रही है वह प्रजातंत्र के अनुकूल नहीं है। आर्थिक आपातकाल लगाकर चुनाव करना कहां का न्याय है। जब देश की सबसे बड़ी कांग्रेस पार्टी के पास पैसा ही नहीं रहेगा तो वह चुनाव में खर्च क्या करेगी।

हम देश की न्यायपालिका व चुनाव आयोग से मांग करते हैं कि कांग्रेस पार्टी के साथ न्याय किया जाए। उसके फ्रिज अकाउंट खोले जाए। वही आयकर का नोटिस वापस लिया जाए। इसी के साथ धरने को कांग्रेस नेता रेखा वर्मा, शौकत हुसैन, नजर शेख, अजीत भल्ला, पोप सिंह परिहार, पंकज वर्मा, राधा किशन सोलंकी, अनिल गोस्वामी, डॉ मुन्ना सरकार, नंदकिशोर पोरवाल ने भी सम्बोधित किया। धरने का संचालन कार्यकारी अध्यक्ष प्रवक्ता सुधीर शर्मा ने किया व आभार ज्ञान सिंह दरबार ने माना।

इस अवसर पर कांग्रेस नेता सलीम मामू, सूरज सिंह चावड़ा, संतोष मोदी, राहुल पवार, जाकिर लल्ला शेख, कमल मुकाती, कल्याण सिंह पवार, कैलाश पटेल, पीसी हरोडे, कैलाश पटेल, मुकेश झरेवाला, अजय सांगते, राजेश देवड़ा, भारत सिंह एनाबाद, जयप्रकाश मालवीय, दिलीप सिंह, विजय चौहान, गुलाब सिंह ठाकुर, कालू सिंह राजपूत, अंकित जैन, जितेंद्र मालवीय, प्रहलाद मिस्त्री, ओम राठौड़, संजय रैकवार, सुनील सोलंकी,राजेश गोंदिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।

### अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने मनाया होली रंग पंचमी महोत्सव



**देवास।** कायस्थ समाज देवास ने संगठित होकर 217 सनसिटी 2 ए बी रोड देवास पर पर होली का रंगारंग कार्यक्रम बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया। इस महोत्सव में देवास जिले के समस्त चित्रांश भाइयों एवं बहनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया एवं रंग गुलाल लगाकर एक दूसरे को शुभकामनाएं और बधाई प्रेषित की। डीजे की धुन पर होली की धुन एवं गानों पर नृत्य किया। कार्यक्रम प्रातः 11.30 बजे से प्रारंभ होकर शाम तक निरंतर चलता रहा समय-समय पर चित्रांश बंधु आते रहे और कार्यक्रम की शोभा बढ़ाते रहे। कार्यक्रम में प्रदेश स्तर , जिला स्तर ,शहर स्तर एवं कार्यकारिणी के अधिकांश चित्रांश बंधुओ ने शामिल होकर अपनी खुशियां आपस में बाटी। कार्यक्रम में प्रारंभ से अंत तक स्वल्पाहार का आयोजन निरंतर चलता रहा । अंत में आभार अ.भा.कायस्थ महासभा ने माना।

### सर्व-समाज ने हर्षोल्लास से मनाया रंगपंचमी पर्व



**देवास।** सर्व समाज ने 30 मार्च को रंगपंचमी के शुभ अवसर पर मिलकर रंगों का त्यौहार रंगपंचमी को हर्षोल्लास के साथ मनाया। डीजे की धुन पर महिलाएं, बच्चे, पुरुषों, लड़के, लड़कियां सभी ने रंगों की बौछारों के बीच नृत्य किया। होली के बॉलीवुड के पुराने गाने, नए गाने हर गाने पर सभी थिरकते रहें। आपसी भाईचारा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण मे लोगों ने अत्यंत उत्साह के साथ रंगों के त्यौहार को मनाया। भोजन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम की संयोजिका अनुपमा श्रीवास्तव रहीं।

### शिव महापुराण महोत्सव की हुई शुरुआत

**देवास।** स्टेशन रोड के वार्ड 32 के नूतन नगर में कल से भव्य शिव महापुराण प्रारंभ हुआ। वैकुंठ धाम समिति द्वारा रविवार 31 मार्च से 7 मार्च तक आयोजित शिवपुराण के पूर्व भव्य शिव पालकी निकाल कर भूमि पूजन हुआ और कल शिवमहापुराण के पूर्व भव्य कलश यात्रा के साथ शिवमहापुराण का प्रारंभ हुआ।

# नुक्कड़ नाटक और व्याख्यान का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




श्री कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा अयोजित साथ दिवसीय विशेष शिविर के आज चौथे दिन ग्राम स्वयंसेवकों ने मतदाता जागरूकता रैली के साथ नुक्कड़ नाटक और व्याख्यान का आयोजन किया गया। विशेष शिविर में विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता रैली गोद ग्राम खटाम्बा में कार्यक्रम अधिकारी प्रो राकेश कोटिया एवं डॉ नुसरत सुल्ताना के नेतृत्व में आयोजित की गई। जिसमे स्वयंसेवकों ने मतदाता जागरूकता के नारो के माध्यम से ग्रामीणों को 100 प्रतिशत मतदान करने का आव्हान किया। इसके बाद मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना देवास के जिला संगठक प्रो प्रमोद कुमार पलासिया की उपस्थिति में मतदाता जागरूकता संदेश के लिए गांव के राम मंदिर के सामने चौपाल पर देवास जिला करेगा 100 प्रतिशत मतदान विषय पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। शिविर के बौद्धिक सत्र के मुख्य अतिथि नेशनल लेबल मास्टर ट्रेनर डॉ एसपीएस राणा तथा नेशनल लेबल मास्टर ट्रेनर डॉ संजय गाडगे थे। डॉ राणा ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थियों को अपने व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना एक महत्वपूर्ण कड़ी है। मतदाता जागरूकता के संबंध में अपने संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को मतदान करने हेतु जानकारी दी। डॉ संजय गाडगे ने अपने संबोधन में कहा कि हमें मतदान अवश्य करना चाहिए तथा हमारे आस पड़ोस के नागरिकों को भी हमें मतदान के लिए प्रेरित करना चाहिए। 18 वर्ष पूर्ण हो चुके समस्त नागरिकों को मत देने का अधिकार है उन्हें मतदान अवश्य करना चाहिए। अंत में डॉ गाडगे ने ने सभी को मत देने हेतु शपथ दिलवाई।


भागवत कथा के छटे दिन संत नागर को सुनने अपार जन समूह उमड़ा

# अंतः करण की शुद्धि के बाद प्रभु श्री राम मिलते हैं: कमल किशोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



कथाएं पाप को धीमा कर देती है, इतने अधिक लोग एक साथ तीन घंटे तक कथा सुनने के लिए बैठते हैं, तो कम से कम से पाप से बच जाते हैं। बाहर रहते तो कोई निंदा करता, कोई झगड़ा करता। अगर कथा सुनने से कोई पुण्यवान नहीं बना तो,भी पाप तो नहीं हुआ। पाप ना होना भी तो पुण्य ही है। जहां भी कथा होती है, वह पाप को रोक देती है। कथा का असर थोड़े दिन अवश्य रहता है। अंतःकरण की शुद्धि होती है तब ही राम मिलते हैं। पारखी लोग भगवान की खोज कर लेते हैं।यह विचार बागली समीप बैहरी मार्ग पर चल रही सात दिवसीय भागवत कथा के छठे दिन मालवा के संत पं. कमलकिशोर नागर ने व्यक्त किए। संत नागर ने कहा कि जब किसी के घर हमेशा आते-जाते है, तो संबंध बन जाता है। इसी प्रकार भगवान के यहां आते जाते रहने से ब्रह्म संबंध बनता है। ब्रह्म संबंध बनाकर अपना भगवान से नाता भी बना सकते हैं। संतश्री ने कहा कि फिर वही तर्क आएगा कि क्या तुमने भगवान को देखा है, जिसे देखा ही नहीं तो उसकी बात क्यों करते हो। हमारा कहना है कि आप किसी को रिश्ते में भाई, बहन बना लेते हो। जब कोई पूछता है कि यह तुम्हार सगा भाई या बहन है तो आप कहते हैं, मैंने इसे भाई या बहन माना है। जो है नहीं उसे भी मान सकते हो तो, ईश्वर को मानने में क्या परेशानी है। थोड़ी अक्ल लगा लेना चाहिए। एक भक्त भगवान को सुनते-सुनते, भजते हुए, उनके धाम तक पहुंच जाता है। अस्तित्व की कीमत है, अस्तित्व का ही महत्व है। संतश्री ने कहा कि गाड़ी में हार्न इसलिए लगाया जाता है कि इसके बजते ही सामने वाला हट जाए। इसी प्रकार भगवान का एक नाम लेते ही पाप



हट जाता है। जप, भजन, माला करने का महत्व भी इसलिए ही है। एक बार जप नहीं करना बार-बार करना है, क्योंकि एक पाप थोड़े ही किए हैं। बहुत पाप किए हैं तो बहुत जप करना पड़ेंगे। हाट का दिन होता है तो भीड़ ज्यादा होती है। ऐसे में गाड़ी चलाने वाला हॉर्न बजाते ही रहता है। इसी प्रकार निरंतर माला जपने का भाव ही यह है। पाप हाट के दिन जैसा है। इसमें से निकलना है। नाम जप पाप नाशक है। इससे शांति मिलती है। लाइन अभी संसार से जुड़ी हैं। रविवार को बड़ी संख्या में क्षेत्र व अन्य क्षेत्र से ग्रामीण जन पहुंचे और कथा का श्रवण किया।

# आबकारी विभाग ने ढाबों पर की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में लोकसभा निर्वाचन-2024 के मद्देनजर कलेक्टर ऋषव गुप्ता तथा ज़िला आबकारी अधिकारी मंदाकिनी दीक्षित के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने नेमावार क्षेत्र के होटल/ढाबों में कार्यवाही की। कार्यवाही में 45 पाव प्लेन देशी मदिरा, 08 केन बीयर विदेशी मदिरा ज़ब्त कर 03 प्रकरण पंजीबद्ध किये गए। इसके अलावा आबकारी विभाग द्वारा वृत बागली (अ) में धनतालाब घाट में कार्यवाही कर 02 प्रकरण कायम किए। कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक विजय कुचेरिया, दिनेश भार्गव, आरक्षक शंकरलाल परते, निहाल खत्री शामिल थे। जिले में आबकारी विभाग द्वारा इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

**खबर संक्षेप**

## राजस्व अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है उपार्जन केंद्र का निरीक्षण

**सीहोर।** कलेक्टर प्रवीण सिंह के निर्देश पर राजस्व अधिकारियों द्वारा गेहूं उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण किया जा रहा है । सभी एसडीएम तहसीलदार अपने-अपने क्षेत्र के गेहूं उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। निरीक्षण के दौरान खरीदी केंद्रों पर तौल काटा, बिजली, पानी, छाया, छन्ना, नामी, हम्मालो की उपलब्धता, सर्वेयर की उपस्थिति, बारदाना आदि व्यवस्थाएं देख रहे हैं और समिति प्रबंधकों से चर्चा कर किसानों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की निर्देश दे रहे हैं। समिति प्रबंधकों से कहा कि किसानों की समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जाए तथा वरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन लेना हो तो तुरंत सूचित करें।

## कलेक्टर ने दिए पेयजल व्यवस्था के निर्देश

**सीहोर।** ग्रीष्मकाल को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर प्रवीण सिंह ने जिले में नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा सभी नगरीय निकायों के सीएमओ को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं । वर्तमान में पेयजल की उपलब्धता को देखते हुए आगामी दिनों में पेयजल की आवश्यकता का आंकलन कर कार्य योजना तैयार कर पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करें । कलेक्टर श्री सिंह ने पीएचई विभाग को निर्देश दिए।

### रंग पंचमी के त्यौहार पर शहर में खूब उड़ा रंग और गुलाल

# पांच दिवसीय होली उत्सव की सुरक्षा व्यवस्था के बाद पुलिस ने खेला रंग

उत्सव समिति ने इस बार भी पूरे 5 दिनों की तैयारी की थी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा







शनिवार को शहर में उल्लास और उमंग के साथ रंग पंचमी का पर्व मनाया गया। शहर में दोपहर में रंग पंचमी का जुलूस निकला जमकर दिनभर रंग बरसा। शुक्रवार को ही प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की अगुवाई में शहर में महादेव की होली खेली गई जिसमें शहर वासी सहित ग्रामीण जन शामिल हुए थे। दरअसल आष्टा में रंग पंचमी का उत्साह रहता है पूरे 5 दिनों तक होली मनाई जाती है होली धूलंडी पर निकलने वाली गेर के बाद रंगों की मस्ती रंग पंचमी पर ही चढ़ती है बच्चे बूढ़े महिला पुरुष बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं सुबह से शाम तक रंगों की मस्ती छाई रहती है इसी बीच दोपहर में शहर के परदेसीपुरा से रंग पंचमी का जुलूस निकला जिसमें शहर वासी शामिल हुए। शहर में रंग पंचमी का पर्व उत्सव और उमंग के साथ मनाया गया,पर्व की तैयारी को लेकर शुक्रवार शाम को शहर की बड़ा बाजार , बुधवारा, कन्नौद रोड की दुकानों पर भीड़ नजर आई। दुकानों पर रंग गुलाल से लेकर पिचकारियों की खूब खरीददारी हुई पर्व को लेकर बच्चों में सबसे अधिक उत्साह नजर आया है वह अपने परिवार वालों के साथ बड़ी संख्या में पिचकारी खरीदने पहुंचे और सभी ने रंग पंचमी का त्यौहार धूमधाम से मनाया।

### 5 दिन का मनता है होली का त्यौहार

समिति ने इस बार भी पूरे 5 दिनों की तैयारी की थी हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष कालू भट्ट ने बताया कि इस बार से भी समिति ने पांच दिवसी होली पर्व के की पूरी तैयारी की थी यही कारण है कि पूरे 5 दिन शहर वासी ने धूमधाम से त्यौहार मनाया। शुक्रवार को ही पंडित प्रदीप मिश्रा आष्टा में होली खेलने पहुंचे थे और रंग पंचमी पर भी भव्य रंग पंचमी का जुलूस निकाला गया जिसमें शहर वासी शामिल हुए। हालांकि पंडीत प्रदीप मिश्रा की महादेव की होली के मुकाबले रंग पंचमी फीकी रही और उत्साह रंग पंचमी पर देखने को मिलता है वो उत्साह नजर नही आया।

### पुलिस ने मनाई होली

शहर में रंग पंचमी पर पर सुबह से ही उत्साह नजर आ रहा था सुबह से ही बच्चों ने होली खेलना शुरू कर दी थी दिन भर रंग बरसा , इधर रविवार को पुलिस विभाग की थाना परिसर में होली मनाई गई। बता दे कि पूरे 5 दिन पुलिस प्रशासन शहर की सुरक्षा व्यवस्था में लगा रहता है और त्योहार संपन्न होने के बाद पुलिस होली खेलती है। लिहाजा तमाम पुलिस कर्मी शहर में 5 दिवसीय होली उत्सव में अपनी सेवाएं देने के बाद आष्टा थाने में धूमधाम से होली मनाई गई और छठे दिन पुलीस होली मानती यह परम्परा वर्षो से चली आ रही है।

## डॉयल 100 के स्टॉफ को सरपंच ने दिखाई दबंगाई

**पुलिस ने दर्ज किया मामला**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

थाना आष्टा में एक सरपंच की 100 डायल के स्टाफ से दादागिरी और दबंगई का मामला सामने आया है पुलीस से मिली जानकारी अनुसार आष्टा जनपद पंचायत इलाके की ग्राम पंचायत बफापुर ढाकनी के सरपंच सतीश खजुरिया और संजय मालवीय नाम के आरोपियों ने रास्ते में ट्रक खड़ा कर इंवेंट पर जा रही 100 डायल के स्टाफ से गाली गलौज कर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाई!जिन्हे पुलिस पकड़ कर आष्टा थाने लाई जहा दोनो आरोपीयो पर सरपंच सतीश खजुरिया और संजय मालवीय पर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने की धारा 353 के साथ 332,323,294,506,34 की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आष्टा न्यायलय में पेश किया गया जहां से दोनो आरोपी सरपंच सतीश खजुरिया और संजय मालवीय को जमानत पर छोड़ दिया गया।

## होली पर खर्च पानी की तालाब से कर रहे पूर्ति



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सालों से आष्टा में परंपरा अनुसार पांच दिवसीय होली उत्सव मनाया जाता है और इस बार भी पांच दिवसीय होली उत्सव नगर में धूमधाम से मनाया जा रहा है। लिहाजा होली पर पांचों दिवस लाखों लिटर पानी खर्च होता है और इसकी सप्लाई की जिम्मेदारी नगर पालिका की होती है।

ऐसे में होली पर खर्च होने वाले पानी की आपूर्ति हर वर्ष नगर पालिका शहर की जीवन दायनी पार्वती नदी से करती है। लेकिन इस बार नगर पालिका अध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा और लगातार सक्रिय रहने वाले तेजतर्रार सीएमओ राजेश सक्सैना की सूझ बूझ से इस होली पर पार्वती नदी से खर्च होने वाले लाखों लीटर पानी को बचाया। और फिर ऐसे में पांच दिवसीय होली उत्सव पर खर्च हो रहे पानी की आपूर्ति शहर के कमल तालाब से पूरी की गई है। जिसके पीछे नगर पालिका की मंशा यह है की पार्वती नदी शहर की जीवन दायनी है। जिससे नगर वासियो को पेयजल की आपूर्ति की जाती है। ऐसे में इस पार्वती नदी के पानी को बचाकर कमल तालाब के पानी को होली पर खर्च किया जा रहा है ताकि भीषण गर्मी में भी नगर वासियों को पीने के पानी के लिए परेशानी ना उठाना पड़े।

लिहाजा नगर पालिका की इस सूझ बूझ की शहर में तारीफ हो रही है और नागरिक कह रहे वाह नगर पालिका कमाल कर दिया। जानकारी के अनुसार नगर में पांच दिवसीय होली उत्सव पर 10 लाख लिटर से ज्यादा पानी खर्च होता है। ऐसे में नपा ने पार्वती नदी का लाखो लिटर पानी बचाया है जो भीषण गर्मी में शहर वासियों को काम आयेगा। लाजमी है नगर पालिका का यह कार्य प्रसंसा और तारीफे काबिल है। और इसको लेकर नगर पालिका सीएमओ राजेश सक्सैना स्वयं अपनी देखरेख में कर्मचारियों के साथ कमल तालाब का पानी होली में आपूर्ति करवा रहे है।

## देश के किसान गौ सेवा के माध्यम से गौ संरक्षण के कार्य को आगे बढ़ाएं: मुनि विमल सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



गोमाता विशुद्ध सत्वमयि भगवती प्रतिमूर्ति है, समग्र धर्म, यज्ञ, सत्कर्म और विश्व संचालन का आधार है ओर सुधेपन तथा वात्सल्य की तो सीमा ही है। इसके दर्शन, स्पर्श, वंदन,अभिनंदन आदि से सारे पाप, ताप का समन होकर परम कल्याण एवं सुख शांति आनंद का संचार होता है तथा सब प्रकार के मंगलमय अभ्युदय का आगमन होता है। इसलिए गो माता निरंतर पूजनीय वंदनीय एवं अभिनंदनीय है। गोमाता की सेवा से आध्यात्मिक लाभ के साथ आर्थिक लाभ प्राप्त होता है। आज आवश्यकता है कि देश के किसान गो सेवा को ओर व्यापक रुप में अपनाकर गौ माता के संरक्षण के प्रकल्प को आगे बढ़ाए। शत प्रतिशत गो संरक्षण तब तक नहीं हो सकता है जब तक कि देश के किसान आगे आकर गोवंश के संरक्षण के कार्य में अपनी पूर्ण सहभागिता नही देगे। किसानों की चाहिए कि वह दुधारु गौ माताओं के साथ वृद्ध एवम असहाय गोवंश का भी पालन पोषण करें। तभी गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध एवम गौ संरक्षण हो सकता है। मुनि श्री विमल सागर जी ने आष्टा से कुंडलपुर की ओर विहार करते समय नगर पालिका आष्टा के पूर्व अध्यक्ष कैलाश परमार एवं किलेरामा के पूर्व सरपंच मधुसूदन परमार के किलेरामा स्थित निवास पर उक्त आशय के संक्षिप्त उद्गार व्यक्त किए। मुनि श्री विमल सागर जी एवम अनंत सागर जी ने परमार निवास पर वर्ष 1986 से निरंतर गौ माता के गोबर से बनने वाले बायो गैस संयंत्र एवम ईंधन के रुप में इस गैस के उपयोग की सराहना की। इस अवसर पर भैया जी श्री पाल जैन, जन भागीदारी समिति के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप प्रगति, मुनि सेवा समिति के प्रमुख सुनिल प्रगति, संजय जैन चाय घर, पूर्व सरपंच मधु सूदन परमार, अंशुल जैन कोठरी आदि विहार में मौजुद थे।

## नगर सुरक्षा समिति ने भी संभाली सुरक्षा व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



शहर में लगातार तीसरे वर्ष शुक्रवार को पंडीत प्रदीप मिश्रा के नेतृत्व में महादेव की होली मनाई गई !इस दौरान पुलिस प्रशासन ने पुरे शहर में जगह जगह सुरक्षा व्यवस्था संभाले रखी। वहीं ग्राम /नगर रक्षा समिति के सदस्य भी ड्यूटी पर तैनात रहे और सुभाष चौक से शूरू हुए जुलूस जो शहर के सिकंदर बाजार, बडा बाजार, पुरानी सब्जी मंडी, पुराना बस स्टैंड, बुधवारा से होते हुए कालोनी चौराहे पहुंचा। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी एस डी ओ पी आकाश अमलकर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी टी आई रविन्द्र यादव के नेतृत्व में एव पुलिस प्रशासन के साथ व्यवस्था संभालते हुए नजर आएं। आपको बता दें की नगर सुरक्षा समिति के सदस्य पुलिस प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिला कर अपनी सेवाएं देता है चाहे वह कोई सा भी त्यौहार हो जुलुस, जलसा हो या दीपावली, होली सहित सभी त्योहारों पर नगर रक्षा समिति के सदस्य तैनात रहते है। जिला संयोजक देवकरण सिंह परिहार, थाना संयोजक पाल गोयल, राजपाल गोयल, नंदकिशोर जाट, ज्ञानसिंह बामनिया, बलवान सिंह, ममलेश राजपूत सहित कई सदस्य सक्रिय भूमिका निभाते है।

## कुशवाह समाज ने किया स्वागत-सम्मान




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर में शुक्रवार को कथावाचक संत प्रदीप मिश्रा महादेव की होली खेलने आएं। इस अवसर पर कुशवाह समाज पटेल दलकिशोर कुशवाह, वरिष्ठ व्यापारी मनोज कुशवाह,अमरचंद कुशवाह पटेल, मां पार्वती धाम गौशाला समिति कोषाध्यक्ष संजय सुराणा, निखिल कुशवाह, राज कुशवाह, विशाल कुशवाह, सुभाष नामदेव, मुकेश आर्य, कृष्णा कुशवाह, विनोद जायसवाल, भागीरथ कुशवाह, शुभम कुशवाह, गोलू कुशवाह,सी के जैन एडवोकेट, अनिल कुशवाह, आनंद कुशवाह, अखिल भारतीय कुशवाह महिला महासभा प्रदेश उपाध्यक्ष गीत नरेंद्र कुशवाह,पार्वती बाई कुशवाहा, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष गुलाब बाई , देवकी बंसीलाल कुशवाह, हेमलता कुशवाह अधिक संख्या में उपस्थिति रहीं।

## छह माह पहले 32 लाख में खरीदी दमकल आए दिन हो रही खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर पालिका ने लगभग 6 माह पहले 32 लाख की खरीदी हुई नई दमकल बार बार खराब हो रही है। जिससे नगर व क्षेत्रवासियों को आग लगने पर तत्काल जो राहत मिलनी चाहिए वो नहीं मिल पा रही है। अब फिर से नहीं दमकल को भोपाल सुधारने के लिए भेजा गया है। इस कारण से पुरानी फायर ब्रिगेड से ही नगर और क्षेत्र की आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है। जबकि पुरानी दमकल भी कई जगह आग लगने की सूचना पर भी नहीं पहुंची है। जिससे किसानों की गेहूं की फसल काफी जल गई। ग्रामीणों ने अपने निजी टैंकर व अन्य साधनों से आग पर काबू पाया। कुछ जगह दमकल पहुंची भी तो जब पहुंची जब आग पर ग्रामीणों ने काबू पा लिया था। अब सवाल यह उठता है कि 32 लाख की नई दमकल में बार बार खराबी क्यों आती है। जिसकी जांच होना चाहिए। इस संबंध में नगर पालिका सीएमओ राजेश सक्सेना ने बताया कि नई फायर ब्रिगेड में टेक्निकल प्रॉब्लम है। जिसे सुधारने के लिए भेजी है। कंपनी स्वयं अपना खर्चे से सुधारेगी। नगरपालिका भुगतान नहीं करेगी।

### मुनि सागर बोले गुरु भूतबलि सागर महाराज के प्रति आपके भाव सुनकर अभिभूत हूं

# आचार्य विद्यासागर, भूतबलि सागर पतंग और डोर के समान: दीदी





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आपके भाव और भाषा गुरुवर भूतबलि सागर महाराज के लिए सुनी बहुत अच्छा लगा।आप सभी के भाव देखकर गुरुदेव ने आष्टा में समय दिया। विहार तो करना था, उन्होंने और कहीं कर लिया और हम ओर कहीं करेंगे। बहुत बड़ा मंदिर यहां है, लेकिन यहां गुरु मंदिर नहीं है।अब गुरु मंदिर बनेगा। यहां बहुत लोग गुरु की समाधि के दर्शन करने आएंगे।

आपके बच्चे भी बहुत कुछ धर्म को सीखेंगे। उक्त बातें समाधि सम्राट मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज की विनयांजलि सभा को संबोधित करते हुए उनके परम प्रभावक शिष्य मुनि सागर महाराज ने कहीं।इस अवसर पर ब्रह्मचारिणी मंजूला दीदी ने कहा कि मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज ने कहा कि में सिद्धालय जाऊंगा।लोग उन्हें कुछ भी बोले, उनके लिए खुश रहे का आशीर्वाद देते थे। अंतिम समय के एक दिन पहले डेढ़ घंटे तक पद्मासन में बैठे।ओम बोलकर हम सभी से बिदा हो गए। आचार्य श्री विद्यासागर महाराज ने भूतबलि सागर महाराज से कहा था आस-पास रहना।वे दोनों पतंग और डोर के समान थे।

मेरी भावना थी कि गुरूदेव की समाधि मेरे हाथों से हो। पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष कैलाश परमार ने कहा दिगंबर जैन मुनि कठोर तपस्या करते हैं। उनकी चर्या देखकर आश्चर्य चकित रह जाते हैं। संतों की संगति के कारण सब कुछ मिलता है।पूरा परिवार जैन संतों से जुड़े हैं। संतों के प्रति सभी की श्रद्धा सराहनीय है। निलेश छाबड़ा देवास ने कहा भक्त का गुरु से मोह बना रहता है। गुरु किसी से कुछ बोलते नहीं थे। मुझे मिथ्यात्व से दूर आपने किया। मिथ्यात्व का पोषण मत करना यह भूतबलि सागर महाराज का कहना था। उनके बताए मार्ग पर चलकर अनुशरण करें। यही सही विनयांजलि होगी। समाज ने गुरु सेवा में सराहनीय सेवा की। विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहा मुनि भूतबलि सागर महाराज ने मुझसे कहा था कि धैर्य और साहस का समन्वय रखें और आज गुरुदेव मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज के आशीर्वाद व प्रेरणा से विधायक का पद मिला है। आपने कहा भौतिक रूप से गुरुदेव नहीं है, दिव्य रूप से आपका आशीर्वाद बना रहे।नरेन्द्र गंगवाल ने कहा गुरुदेव मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज का समाज ही नहीं पूरे आष्टा पर आशिर्वाद था। आपने कहा सुरेन्द्र जैन के सुपुत्र पियुष जैन,अनिल जैन प्रगति के सुपुत्र इंजीनियर प्रशाल जैन ,ओम जैन के सुपुत्र अमन जैन सहित युवा टीम ने बहुत सेवा गुरु की कर अच्छा संदेश दिया। गुरुदेव काफी सहज और सरल थे। कभी भी उन्हें नाराज होते नहीं देखा।

समाज अध्यक्ष आनंद पोरवाल, संरक्षक दिलीप सेठी, मनोज जैन सुपर, महामंत्री कैलाशचंद जैन चित्रलोक,शरद जैन,संतोष जैन जादूगर, लोकेंद्र बनवट,सनद जैन विदिशा, सुनील सेठिया इंदौर, अवधेश जैन पिड़ावा, नरेंद्र जैन उमंग,सुची जैन मुंबई, शकुंतला छाजेड़ , नवीन जैन देवास, रेखा जैन खामखेड़ा, मुकेश बडजात्या, नीरज जैन हाटपिपल्या, अनिल श्रीवास्तव, अतुल शर्मा, महेंद्र जैन जादूगर ने मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज को विनयांजलि अर्पित की। संचालन सुरेंद्र जैन शिक्षक ने किया।

## बिजली मीटर से छेड़छाड़ करने पर धारा 136 में होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि यदि बिजली के मीटर में अनावश्यक छेड़छाड़ पाई जाती है तो ऐसा करने वाले उपभोक्ताओं के विरूद्ध धारा 136 के तहत कार्रवाई होगी । कंपनी का कहना है कि किसी उपभोक्ता को मीटर, उसकी रीडिंग, बिलिंग या बिजली व्यवधान जैसी कोई शिकायत हो तो वे तुरंत कॉलसेंटर के फोन नंबर 1912 पर या ऑनलाइन वेबसाइट portal.mpcz.in अथवा उपाय (UPAY) एप या बिजली वितरण केन्द्र, जोन कार्यालय में शिकायत दर्ज करा सकते हैं । उपभोक्ताओं की शिकायतों के निराकरण की पूरी व्यवस्था की गई है । यदि उपभोक्ता शरारती तत्वों के बहकावे में आकर मीटर में तोड़फोड़ या उखाड़कर अन्यत्र स्थापित करने या सर्विस लाइन को नुकसान पहुंचाने का कार्य करते हैं तो उनके विरूद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 136 के तहत कार्रवाई होगी । जिसमें 3 वर्ष का कारावास अथवा 10 हजार रूपये का जुर्माना अथवा दोनों सजाओं से दण्डित करने का प्रावधान है। विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 136 में यह प्रावधान है कि 'अनुज्ञप्तिधारी या स्वामी की सहमति के बिना कोई इलेक्ट्रिक लाइन, सामग्री या मीटर को हटाएगा या ले जाता है या अन्यत्र जगह लगाता है, चाहे वह कार्य लाभ या अभिलाभ के लिए किया गया हो या नहीं, तो इसे विद्युत लाइनों और सामग्री की चोरी का अपराध कहा जाएगा और वह कारावास से जिसकी अवधि तीन वर्ष तक की हो सकेगी या जुर्माने से या दोनों से दण्डनीय होगा ।

## 12 दिन बाद भी डॉ भकोरिया पर नहीं हुई कोई कार्रवाई, इधर सरपंच व जिलाध्यक्ष भी घूम रहे निडर

# आचार संहिता लागू पर लापरवाहों पर कार्रवाई नहीं!

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा


कलेक्टर एवं चुनाव आयोग के आदेश मात्र दिखावा साबित होने लगे और जिम्मेदार उनका उल्लंघन करते रहे और कमजोर उसका पालन तो बात की गंभीरता को समझा जा सकता है। ऐसा ही मामला पिछले दिनों जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ भकोरिया का बिना किसी अधिकारिक अनुमति के मुख्यालय छोड़कर भोपाल घूमना चुनावी आचार संहिता का उल्लंघन एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हर्ष दीक्षित के द्वारा जारी आदेश को भी न मानते हुए अपनी मनमानी करने पर अभी तक कोई एक्शन देखने नहीं मिला।

उल्टे डॉ भकोरिया अपनी कॉलर उठाकर लोगों को अपनी ताकत एवं पहुंच का लोहा दिखाने की बात कहते फिर रहे हैं। यहां पर यह बताना जरूरी है कि पिछले सोमवार 18 मार्च को राजगढ़ के जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ एलपी भकोरिया आचार सांहिता में अपना मुख्यालय भोपाल घूमने में व्यस्त थे। जब सीएमएचओ डॉ किरण वाडिवा से इसके बारे में पूछा गया था तो उन्होंने इसके बारे में कोई भी जानकारी न होने की बात कहीं थी। ऐसी स्थिती में समझा जा सकता है कि जिले के अधिकारी अपनी मनमानी करने पर उतारू है एवं आदर्श आचार संहिता का सीधे उल्लंघन के बाद भी कार्रवाई नहीं हो पाई है।

### सपा के प्रदेश प्रवक्ता ने भी कार्रवाई की उठाई मांग

उक्त घटना की खबर को सपा के प्रवक्ता यश भाटिया के साथ विभिन्न समाजसेवियों ने आयोग के साथ भोपाल कमिशनर व राजगढ़ कलेक्टर को ट्वीट के साथ ही शिकायत भी की थी लेकिन एक हफ्ता से ज्याद समय बीतने के बाद भी जिला निर्वाचन अधिकारी ने निलंबित नहीं किया जो को आयोग के दिशा निर्देशों पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करता हे। वहीं सीएमएचओ राजगढ़ डॉ किरण वाडिवा से पूछने पर उन्होंने बताया की डॉ भकोरिया को नोटिस जारी करके स्पष्टिकरण मांगा गया है उसके बाद कार्यवाही का देखा जाएगा।

### कलेक्टर एवं चुनाव आयोग के आदेश का हो रहा उल्लंघन


प्रेस नोट राजगढ़
only admins can send messages
जिला जनसम्पर्क कार्यालय राजगढ म.प्र.
समाचार
अवकाश एवं मुख्यालय छोड़ने पर तत्काल प्रभाव से लगाई गई रोक
राजगढ 16 मार्च, 2024
कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हर्ष दीक्षित द्वारा लोकसभा निर्वाचन - 2024 के दृष्टिगत रखते हुए निर्वाचन की घोषणा दिनांक से निर्वाचन परिणाम घोषित होने की दिनांक तक की अवधि के लिए जिले के समस्त शासकीय/अर्द्धशासकीय / निगम मण्डल / स्थानीय निकाय के समस्त अधिकारी/कर्मचारियों को अवकाश पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया गया है।
समस्त अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता की अनुमति के बगैर अवकाश के लिए प्रस्थान नहीं करेंगे तथा न ही मुख्यालय छोडेंगे। आदेश का पालन न करने पर लोक प्रतिनिधित्व 1951 तथा मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के तहत एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी।
समा क्र./1043/048/03/... Read more
7:58 PM
March 17, 2024


सीएमएचओ बोलीं मुझे इसकी जानकारी नहीं, जिले का टीकाकरण भी भगवान भरोसे
**आचार संहिता और अधिकारियों को ठेंगा दिखा कर बिना अनुमति भोपाल घूम रहे वैक्सिनेशन अधिकारी**
हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा
जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर राजगढ़ हर्ष दीक्षित ने 16 मार्च को लोकसभा निर्वाचन को ध्यान में रखते हुए निर्वाचन परिणाम घोषित होने की दिनांक तक समस्त शासकीय अर्द्धशासकीय निगम मण्डल स्थानीय निकाय के समस्त अधिकारियों कर्मचारियों को अवकाश पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया। फिर भी कुछ अधिकारी अपनी मनमर्जी से वरिष्ठ अधिकारियों एवं चुनाव आचार संहिता का खुले आम उल्लंघन करने पर तुले हुए हैं।
मामला फिर वही स्वास्थ्य विभाग का है जहां पर जिला वेक्सिनेशन अधिकारी डॉ एलपी भकोरिया बिना किसी पूर्व सूचना के मुख्यालय से दूर भोपाल घूमते नजर आए। बात सोमवार की है जब उनकी फोर व्हीलर गाड़ी भोपाल में मंत्री के बंगले पर खड़ी दिखी। इस पर सीएमएचओ डॉ किरण वाडिवा से पूछा गया तो उन्होंने कोई भी जानकारी न होने की बात कही। जिले में टीकाकरण का काम देख रही 84 संविदा एवं 193 रेगूलर एएनएम भी अधिकारी की लापरवाही के कारण प्रभावित होती ही होगी। जिसका असर बच्चों के टीकाकरण कार्यक्रम पर पड़ता होगा परंतु बाद में कागजों में सभी कुछ सही कर लिया जाता होगा।
जानकारी नहीं है...
मुझे इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। मैं दिखवा लेती हू
डॉ किरण वाडिवा, सीएमएचओ राजगढ़
झूठ पर झूठ बोलते नजर आए डॉ भकोरिया
स्वास्थ्य मंत्री के बंगले के सामने दिखी गाड़ी
लगातार विवादों में रहे है डॉ भकोरिया

**इनका कहना है...**
नोटिस तो दिया है परंतु क्या जवाब दिया है यह में नहीं बता पाऊंगी। यह मैं आपको सोमवार को बता पाऊंगी।
**डॉ किरण वाडिवा**, राजगढ़

### नंबर प्लेट पर सरपंच और किसान संघ अध्यक्ष लिखकर घूमते दिखे जिम्मेदार

# पद का मोह बरकरार, आदर्श आचार संहिता का हो रहा उल्लंघन

हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता लागू है जिसमें संपत्ति विरूपण अधिनियम सहित किसी जनप्रतिनिधि द्वारा अपने वाहनों पर पदनाम की नाम पट्टिका नहीं लगाने का प्रावधान है। आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन करवाने हेतु पुलिस प्रशासन सतत निगरानी रख रहा है। इसके बावजूद भी कहीं कहीं जनप्रतिनिधियों या किसी संगठन के पदाधिकारियों की नेम प्लेट देखने को मिल रही है जो पुलिस प्रशासन की सजगता पर प्रश्नचिन्ह लगाती है।





**केस-1**

शुक्रवार को माचलपुर में अग्रवाल धर्मशाला में भाजपा प्रत्याशी रोड़मल नागर द्वारा कार्यकर्ताओं की बैठक ली गई। इस दौरान बाहर खड़े वाहनों में एक चार पहिया वाहन पर सरपंच पद की नेम प्लेट देखने को मिली जो आदर्श आचार संहिता का उलंघन है। यहां बैठक के दौरान पुलिसकर्मी भी मौजूद थे लेकिन ऐसे वाहन पर पुलिसकर्मियों की नजर नहीं पहुंची।

**केस-2**

एक ओर चार पहिया वाहन देखने को मिला जो नंबर से तो राजस्थान पासिंग लग रहा था जिस पर भारतीय किसान संघ जिला अध्यक्ष आगर मालवा की नेम प्लेट देखने को मिली। हालांकि इस वाहन से कोई इलैक्ट्रोनिक सामान सप्लाई करने आया था लेकिन यह वाहन आगर मालवा जिले से राजगढ़ जिले में प्रवेश कर गया लेकिन इस वाहन के एक जिले से दूसरे जिले में बगैर रोक-टोक के प्रवेश करने पर अंतरजिला सीमा पर बनाई गई पुलिस जांच चैकियां की अनदेखी भी उजागर हो रही है। आखिर किस तरह ऐसे वाहन एक जिले से दूसरे जिले में प्रवेश कर रहे हैं।




# एसपी के प्रयासों से 10 दिन में धराए एटीएम कटिंग के आरोपी

### 21 मार्च की रात्रि खिलचीपुर नाका स्थित एसबीआई एटीएम में हुई थी वारदात

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

मुख्यालय के खिलचीपुर नाका स्थित भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम को काटकर लूटने की साजिश रचकर वारदात करने वाले अपराधी 10 दिन में ही सलाखों के पीछे आ गए हैं। नवागढ़ पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के सटीक प्लान और मुखबिर तंत्र, विश्वसनीय सूत्रों सहित अन्य प्रयासों के बाद इन बदमाशों को धर लिया गया। राजगढ़ एसडीओपी ने शनिवार देर शाम कोतवाली परिसर में एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर पूरे मामले पर से पर्दा उठाया। आरोपी काफी बदमाश थे इसलिए पुलिस को अपनी भाषा में उनसे सच्चाई उगलवानी पड़ी।

### पुलिस के सटीक तंत्र से धराए आरोपी

आरोपियों की पतारसी के लिए एसपी आदित्य मिश्रा द्वारा विशेष टीम गठित की गई। एसडीओपी राजगढ शिदनेश शर्मा के नेतृत्व मे गठित टीम नेघटना का खुलासा किया।

**मुरैना रवाना हुई टीमः** दोनो आरोपीगणो को साथ लेकर टीम को मुरैना रवाना किया गया। जहां से आरोपीगणो की निशांदेही पर घटना मे प्रयूक्त सीयाज कार, फर्जी नंबर प्लेट, ब्लैक स्प्रे, मास्क तथा कार की फर्जी आर.सी बरामद की गयी।

**पूछताछ में उगले राजः** आरोपियों ने पूछताछ मे बताया कि एटीएम कटिंग की प्लानिंग उन्होने


खिलचीपुर नाके स्थित एटीएम बूथ का मामला, नहीं था सिक्यूरिटी गार्ड
**सीसीटीवी डेमेज कर एसबीआई एटीएम से लूट का असफल प्रयास, जांच शुरू**
सुबह कस्टमर पहुंचे तब मालूम हुई घटना
एसबीआई के एटीएम बूथों में नजर नहीं आते गार्ड

**मुरैना और ग्वालियर से जुड़े तार**

पहले ही बना ली थी। तथा एक लडके सूरज को दिनांक 17.03.24 को ही राजगढ भेजा गया था। राम उसके बुआ के लडके अंकित से खाटूश्याम जाने के बहाने उसकी सीयाज कार मांग लाया जिसकी आरसी को राम ने नंबर बदल कर कलर फोटो कापी कर ली थी। बाकी गैस कटर, स्प्रे तथा अन्य टूल्स अनिल लेकर आया तथा पाचों लोग राम, अनिल, धर्मेन्द्र, निरंजन तथा दीपक कार से रात मे राजगढ आये रास्ते मे पाचों ने राजगढ ब्यावरा टोल निकलने के बाद गाडी की नंबर प्लेट बदल दी जो इन्होने ग्वालियर से बनवायी थी और उर्स से मास्क खरीदा तथा रात मे सुनसान होने पर घटना को अंजाम देने पहुंचे लेकिन कोई वाहन आने की आवाज तथा लाईट दिखायी देने पर ये लोग कार मे सामान रखकर वापस भाग गये। वापस जाते समय राजगढ निकलने के बाद इन लोगों ने वापस असली नंबर प्लेट कार मे लगाई और मुरैना पहुंच कर सारा सामान कटर आदि सूरज के कमरे पर पटक दिया और नंबर प्लेट तथा कुछ सामान राम की दुकान पर रख दिया कार मालिक अंकित को वापस कर दी।

# डॉ. दादी जानकी की पुण्य स्मृति दिवस पर समाज को आध्यात्मिक जागृति से श्रेष्ठ बनाने का संकल्प लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

प्रेम, दया, ज्ञान, विनम्रता की प्रतिमूर्ति थी दादी जानकी जी जिन्होंने विश्व भर में महिला सशक्तिकरण आत्म संयम व आध्यात्मिक मूल्यों का पाठ पढ़ा लाखों लोगों का मनोबल बढ़ा सशक्त किया।

ब्रह्माकुमारी संस्था के पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी डॉ जानकी दादी की चतुर्थी पुण्य स्मृति दिवस पर ब्यावरा सेवाकेंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी ने कहा कि एक महान आध्यात्मिक लीडर के रूप में दादी ने विश्व के सभी राष्ट्रों व संस्कृति के लोगों को ईश्वरीय ज्ञान दिया। दादी कहती थी मैं सोचूं कि मेरा परिवार सारा एक जैसा सब अच्छा बन जाए, परंतु पहले मैं अच्छा बनूंगी। तो वो बनेंगे पहले हम अच्छा बने। अच्छा अर्थात- सत्यता ,पवित्रता ,धारिता, नम्रता, गंभीरता यह मेरे जीवन में हो।



विश्व की सबसे स्थिर मन की महिला का अवार्ड रिकॉर्ड भी दादी जानकी जी के नाम है। आध्यात्मिक व मानवीय मूल्यों का जो पाठ दादी जी ने पढ़ाया व विश्व स्तर तक पहुंचाया हम सभी जीवन में धारण करें तो उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में उपस्थित एडवोकेट चंद्रकांत त्रिपाठी, डॉ रामशरण बाथम, एडवोकेट गोपाल शाक्यवार, शिक्षक नवल किशोर शाक्यवार, व्यापारी बद्री लाल दांगी, मुरली प्रसाद निगम, प्रेमशंकर शाक्यवार, रोड सिंह दांगी, रामचरण दांगी, लक्ष्मीनारायण दांगी, तथा बड़ी संख्या में मातृ शक्ति उपस्थित रहे। सभी ईश्वरीय परिवार के भाई- बहनों ने दादी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

# युवाओं की बदलती सोच दिखाती है नूपुर की शॉर्ट फिल्म ये न्यू इंडिया है

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

किसी भी समाज या देश में वहां के युवाओं की बदलती सोच और उस समाज या उस देश में आने वाले बदलावों का संकेत माना जाता है। कुछ ऐसे ही युवाओं की बदलती सोच की कहानियां हमें देखने को मिलेंगी। जियो सिनेमा पर प्रसारित होने वाली हिन्दी शॉर्ट फिल्म 'ये न्यू इंडिया है' में। विदिशा निवासी नूपुर श्रीवास्तव ने इस हिन्दी शॉर्ट फिल्म का निर्माण किया है। नूपुर ने बताया कि ये हमारे देश की पहली ऐसी शॉर्ट फिल्म है जिसमें तीन अलग अलग कहानियां हमें देखने को मिलेंगी। फिल्म में तीनों कहानियां एक दूसरे से अलग होने के बावजूद अपने विषयवस्तु के कारण एक दूसरे से जुड़ी हुई हैं। पहली बार किसी शॉर्ट फिल्म में सूत्रधार (नेरेटर) हमें देखने को मिलेगा, जिसकी भूमिका निभाई है प्रसिद्ध अभिनेता अखिलेन्द्र मिश्रा ने। करीब 22 मिनट की इस शॉर्ट फिल्म में समकालीन विषयों को उठाया गया है। पहली कहानी का शीर्षक है पहनावा, जो समाज में पहनावे को लेकर होने वाले विवादों पर आधारित है। दूसरी कहानी है आवाज़, जिसमें धर्म के नाम पर समाज में बढ़ते विद्वेष का मुद्दा उठाया गया है और तीसरी कहानी है निकाह। जिसमें निकाह या शादी के नाम पर होने वाली लड़कियों की सौदेबाजी की कहानी दिखाई गई है।

# नगर में रंगपंचमी पर्व पर हुरियारों की रंगारंग गेर का चल समारोह निकला

### पुलिस ने सुरक्षा के किए पुख्ता इंतजाम चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

सार्वजनिक हिंदु उत्सव समिति के तत्वावधान में पांच दिवसीय होली उत्सव के तहत आयोजित रंगारंग कार्यक्रमों का शनिवार को रंग पंचमी के अवसर हुरियारो की रंगारंग गेर का चलसमारोह निकाल कर समापन किया गया। होली महोत्सव के तहत निकलने वाले पांरपरिक चल समारोह को लेकर पुलिस ने चाकचैबंध तैयारियां की गई।

पुलिस के साथ शहर में पुलिस लाइन से प्राप्त पुलिस जवान के साथ-साथ ड्रोन, सीसीवीटी और विड़यिों कैमरों के माध्यम से सुरक्षा का जिम्मा संभाला। एसडीओपी अरविंद सिंह एवं थाना प्रभारी संतोष सिंह वाघेला के नेतृत्व में शहर के चुपके चुपके पर पुलिस तैनात रही। रंग पंचमी पर लोगों ने अपना अपना कारोबार बंद रखकर खूब रंग गुलाल ऊडाई गई वही सार्वजनिक हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष डाक्टर राजेन्द्र मिश्रा के नेतृत्व मे सामाजिक धार्मिक संगठन एवं हुरियारो की टोली ढोल धमाकों के साथ पुराना बस स्टेंड स्थित बालरूप हनुमान मंदिर मैं पूजा अर्चना के बाद से रंगपंचमी की गैर का चल समारोह प्रारंभ होकर शिवनगर, पठान वाडी, भूरी का मैदान, जोशी दवाखाना, टेंशन चैराहा, गांधी चैक, अंबे माता मंदिर, जामा मस्जिद चैक, रंगेरवाड़ी, बागकुंआ टंकी, बदलीपुरा हनुमान



मंदिर दीनदयाल चैराहा होते हुए बस स्टैंड पर समापन किया गया। जहां नगर पालिका द्वारा जल समारोह में शामिल सभी हुरियारों को जलपान नाश्ता कराया गेर के चलसमारोह मे विशेष आकर्षण रंगीन पानी की बोछारे, सुखी गुलाल की होली, फुलो की होली खेलते हुए युवाओं की टोली अपनी मस्ती में मस्त थी वहीं कई युवाओं ने कपड़े फाड़ होली खेली।

### शहर में सुरक्षा व्यवस्था के रहे पुख्ता इंतजाम

थाना प्रभारी वाघेला ने बताया कि संवेदनशील स्थानों में पांइट फिक्स किए गए है। वही जुलूस के साथ बल के रूप में अधिकारी एवं जवान चलें। इसके अतिरिक्त मोटर साइकल पेट्रोलिंग, चार पहिया वाहन, एक ड्रोन कैमरा, सीसीटीवी और दो वीड़यिो कैमरो से सुरक्षा की कमान संभाली गई शहर के अलावा संवेदनशील की श्रेणी में आने वाले गुलावता, पड़ाना, मगराना, मऊ तथा भुराखेड़ी में भी सुरक्षा पाइंट बनाए गए है। इस दौरान करीब 80 पुलिस अधिकारी कर्मचारी, 50 नगर एवं ग्राम रक्षा समिति सदस्यों की ड्यूटी रही।

### भाईचारे से मनाए त्योहार

राज्य मंत्री गौतम टेटवाल नगरपालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल एसडीएम संजय उपाध्याय ने सभी, नागरिकों से सौहाद्रपूर्ण माहौल एवं भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने की अपील की है।प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने चैकन्ना रहकर अशांति फैलाने वाले असामाजिक तत्वों से सख्ती से निपटने के इंतजाम थे।इस दोरान नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा पूर्व हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष विकास विजयवर्गी महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष संजय विजयवर्गी मानसिंह पाटीदार गोपाल पाल सहित बड़ी संख्या में लोग चल समारोह मे शामिल हुए।

# भाजपा मंडल की बैठक आयोजित, सरपंचों ने भाजपा की सदस्यता ली

हरिभूमि न्यूज ⏭ खिलचीपुर

हमारा प्रत्याशी कमल का फूल है उसको सफलता के अंजाम तक पहुंचाने वाला हमारा कार्यकर्ता है। उक्त संबोधन खिलचीपुर मंडल के बूथ के कार्यकर्ताओं की शुक्रवार शाम को नीरज गार्डन में आयोजित बैठक में लोकसभा क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार रोड़मल नागर ने व्यक्त करते हुए कहा की भाजपा की सरकार में राजगढ़ जिला विकास के नए आयाम छू रहा है। 64 हजार करोड़ की नर्मदा परियोजना से गांव गांव की भूमि सिंचित होगी एक भी खेत प्यासा नहीं रहेगा।

इस मौके पर विधायक हजारीलाल दांगी ने कहा रोड़मल नागर ने लोकसभा क्षेत्र में कई योजनाएं दी हैं, जिनमें भोपाल रामगंज मंडी रेलवे लाइन, दो बड़े डेम, मेडिकल



कालेज, नर्सिंग कालेज, व्यवसायिक कालेज की सौगात दी है। जबकि इस जिले से सांसद और दो बार प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे दिग्गी राजा ने जिले के लोगो से वोट लेकर जीत हासिल की पर जिले का विकास नहीं किया। अब बदला लेने का मौका आया है। इस मौके पर खिलचीपुर क्षेत्र के अनेक सरपंचों ने मंच पर आकर भाजपा की सदस्यता ली। जिनका भाजपा उम्मीदवार रोड़मल नागर और विधायक हजारीलाल दांगी ने पुष्पहारों और भाजपा की साफी डालकर स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बद्रीलाल दांगी सहित पार्टी नेता सहित मंडल के सभी 54 बुथ के कार्यकर्ता मौजूद थे।

**ये हुए भाजपा में शामिलः** रूपारेल सरपंच हरिसिंह सिसोदिया, बावड़ीखेड़ा सरपंच मानसिंह चैहान,, पान खेड़ी सरपंच महेंद्र सिंह, अमानपुरा सरपंच देव सिंह, मेहरजपुरा सरपंच सुलतान सिंह, खुरचनीय सरपंच श्रीलाल, प्रेमसिंह पटेल कुंडीबे, मांगीलाल कागनीखेड़ा, सहित अनेक ग्रामीणों ने काग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए।

# परिवार और शिक्षकों के मार्गदर्शन से गौरी बनी डॉक्टर



**कुरावर।** प्रतिभाएं शहरों में नहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी जन्म ले लेती हैं। ऐसी ही एक प्रतिभा 27 मार्च को एमबीबीएस फाइनल ईयर का रिजल्ट आने पर कुरावर नगर में दिखाई दी। नगर के वार्ड क्रमांक 7 में निवासरत मध्य वर्गी ब्राह्मण परिवार में शासकीय शिक्षिका तूलिका शर्मा, व्यवसायी अनूप शर्मा की पुत्री गौरी शर्मा ने 23 वर्ष की उम्र में नंद कुमार सिंह शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय खंडवा से 5 साल 6 महीने की पढ़ाई कर 63 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। 27 मार्च को परिणाम आने पर संपूर्ण परिवार गौरी की सफलता पर झूम उठा तो वहीं गौरी ने भी अपनी सफलता का श्रेय अपनी दादी शकुंतला शर्मा, अपनी पढ़ाई के दौरान उचित मार्गदर्शन करने वाली आकांक्षा पिता स्वर्गीय डॉ आर के देशवाली को दिया। साथ ही उसने कहा कि नगर के अशासकीय की आदर्श हाई सेकंडरी विद्यालय किस संचालक पी.टी शाह, प्राचार्य अनिता शाह ने प्राथमिक शिक्षा से उत्कृष्ट शिक्षा देकर इस मुकाम पर मुझे पहुंचा है साथ ही मुझे परिवार के मेरी माता तूलिका शर्मा, पिता अनूप शर्मा, चाचा आलोक शर्मा ,चाची शैलजा शर्मा, भैया यश भाभी अपूर्व एवं छोटे भाई सक्षम शर्मा का भरपूर सहयोग मिला गोरी की सफलता पर परिवार के इस मित्रों एवं समाज जनों ने बधाई दी है।

### कैमरे बंद, ई फिंगर मशीन बंद, अटेंडेंट रजिस्टर में गड़बड़ी

# खिलचीपुर शासकीय महाविद्यालय में शिकायतों की जांच करने पहुंचे शिक्षा अतिरिक्त संचालक, भुगतान बिलों में पाई अनियमितता

हरिभूमि न्यूज ⏭ खिलचीपुर

खिलचीपुर शासकीय महाविद्यालय सदैव अनियमितताओं को लेकर सुर्खियों में बना रहता है। आए दिन तरह-तरह की समस्याओं को लेकर समाचार पत्रों में खबरें छपती ही रहती हैं और जांच हेतु टीम आती भी है लेकिन कोई कार्यवाही नहीं होती। महाविद्यालय में व्याप्त समस्याओं को लेकर पिछले दिनों अतिरिक्त संचालक शिक्षा विभाग डॉ मथुरा प्रसाद अपनी टीम के साथ महाविद्यालय पहुंचे और निरीक्षण में गहरी पड़ताल के बाद सीसीटीवी कैमरे बंद, वाटर कूलर फ्रीजर बन्द, ई फिंगर अटेंडेंस मशीन बंद, अटेंडेंट रजिस्टर में उपस्थिति का कालम खाली, 1 वर्ष से जन भागीदारी की बैठक न होना, प्रोफेसरों का समय पर नहीं आना और समय से पहले ड्यूटी से जाना, छात्र-छात्राओं की रिजेक्ट प्रैक्टिकल बुकों को बिना टेंडर के बेचना, क्लासेस समय पर न लगना, लापरवाही पूर्ण रवैया के चलते राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा का क्षतिग्रस्त होना आदि अनियमितता पाई गयी।

### महाविद्यालय की बिल्डिंग में जांच में मिला गंदगी का अम्बार

अतिरिक्त संचालक मथुरा प्रसाद ने सर्वप्रथम कॉलेज परिसर और बिल्डिंग का निरीक्षण किया, तो बिल्डिंग में गंदगी पाई ओर टॉयलेट रूम भी बदबूदार मिले तथा पीने के पानी की व्यवस्था भी ठीक नहीं मिली वहीं सीसीटीवी कैमरे बंद मिले यही नहीं अटेंडेंस ई फिंगर मशीन भी बंद पाई गई जब अतिरिक्त संचालक ने कॉलेज के कार्यालय के मुख्य दस्तावेज टटोले तो



एक वर्ष से नहीं हुई जनभागीदारी समिति की मीटिंग

दस्तावेजों में भी कई अनियमितता देखने को मिली। अतिरिक्त संचालक ने इन घोर अनियमितताओं को लेकर नाराजगी जताई, वही कमिश्नर को प्रतिवेदन सौंप कठोर कार्यवाही करवाने की बात कही। छात्र-छात्राओं से भी चर्चा की तथा प्रोफेसरों और प्राचार्य को समस्याओं को तत्काल हल करने को निर्देशित किया।

### विकास कार्य 1 वर्ष से लंबित हैं

महाविद्यालय के विकास कार्य 1 वर्ष से लंबित हैं। प्राचार्य मीटिंग रखते ही नहीं हैं, जबकि नियम है कि 1 वर्ष में तीन बार जन भागीदारी बैठक होना चाहिए। अब ऐसे में कैसे होंगे महाविद्यालय के विकास कार्य।

**विशाल पारीक,** अध्यक्ष जन भागीदारी महाविद्यालय खिलचीपुर।

### सुधार करेंगे

हां, ईडी साहब ने निरीक्षण किया है, कमियां तो पाई गई हैं। सुधार करेंगे।

**डीके सूर्यवंशी प्राचार्य,** शासकीय महाविद्यालय खिलचीपुर।

### कार्रवाई करेंगे

महाविद्यालय में कई अनियमितताएं पाई गई हैं, कमिश्नर को प्रतिवेदन प्रस्तुत कर कठोर से कठोर कार्यवाही करवाई जाएगी।

**डॉ. मथुरा प्रसाद,**
अतिरिक्त संचालक शिक्षा,भोपाल संभाग।